अजमेर में जनगणना की तैयारी तेज, फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अजमेर, (निसं)। आगामी जनगणना 2027 को लेकर अजमेर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के सफल संचालन के उद्देश्य से जिला परिषद सभागार में फील्ड ट्रेनर्स (एफटी) का तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी लोक बंधु ने किया।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जनगणना जैसे बड़े अभियान की सफलता उनकी दक्षता पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया

■ कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी लोक बंधु ने किया

कि ये ट्रेनर्स आगे जाकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।

इसलिए उन्हें हर पहलू की गहन जानकारी दी जा रही है, ताकि डेटा संग्रहण में शुद्धता बनी रहे और 'जीरो एरर' के साथ 100 प्रतिशत डिजिटल डेटा संकलन सुनिश्चित हो सके। जिले में इस बार 4,200 से अधिक कार्मिकों की फौज जनगणना कार्य में जुटेगी। अजमेर जिले में कुल 3,799 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं।

प्रत्येक ब्लॉक में घर-घर जाकर जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके लिए 3,653 प्रगणक और 610 पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इन सभी को 70 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें कागज के बजाय मोबाइल एप और सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से डेटा संग्रह किया जाएगा। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में तकनीकी पहलुओं, मकान सूचीकरण की प्रक्रिया और डेटा एंट्री के व्यावहारिक अभ्यास पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से शुरू होकर 22 अप्रैल तक विभिन्न चरणों में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को फील्ड विजिट और मोबाइल एप के उपयोग का भी अभ्यास कराया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र में संयुक्त निदेशक एवं उप जिला जनगणना अधिकारी फूल सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

'वी रिंग द बेल' अभियान का भव्य समापन, 1700 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

अजमेर, (निसं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा जन विकास समिति वाराणसी एवं लिलियन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 'वी रिंग द बेल' अभियान 2026 का बुधवार को भव्य समापन हुआ। 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना और दिव्यांग बच्चों के शिक्षा के अधिकार के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता फैलाना रहा।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान 5 आंगनबाड़ी केंद्रों और 14 विद्यालयों में

■ अभियान के अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित हुए

करीब 1700 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने एक साथ घंटी, ताली और सीटी बजाकर दिव्यांग बच्चों के शिक्षा अधिकार के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में शिक्षकों ने स्पष्ट संदेश दिया कि दिव्यांग बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार्य नहीं है। उपस्थित सभी लोगों को भेदभाव समाप्त करने की शपथ दिलाई गई और समान शिक्षा के अधिकार का संदेश दिया गया।

सीबीआर कार्यकर्ता देवा राम गुर्जर ने बच्चों को घंटी, ताली और सीटी के माध्यम से जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है, चाहे वह दिव्यांग हो या सामान्य। मॉनिटरिंग अधिकारी विपुल कंवरिया और शरीफ मोहम्मद ने बच्चों के साथ मनोरंजक गतिविधियों के जरिए कार्यक्रम को रोचक बनाया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों के शिक्षकों और स्टाफ ने समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक, परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

अजमेर, (निसं)। प्रदेश में जल प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार मिशन मोड पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में जयपुर मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी नहर भवन में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

■ प्रदेश में जल प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार मिशन मोड पर कार्य कर रही है

जोनवार अभियंताओं के कैम्प लगाए जाएंगे: जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने निर्देश दिए कि जयपुर मुख्यालय पर जोनवार अभियंताओं के कैम्प आयोजित कर परियोजनाओं के प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाए। इन कैम्पों में डीपीआर तैयार करने, स्वीकृतियों में हो रही देरी और जमीनी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

मैदानी दौरे और मासिक रिपोर्ट अनिवार्य: मंत्री ने अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित दौरे करें और कार्यों की वास्तविक स्थिति का फोटो सहित विवरण हर माह मुख्यालय भेजें। साथ ही, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्माण सामग्री की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए गए। परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा: बैठक में देवास, बागोलिया फीडर, अपर हाई लेवल कैनाल, खारी फीडर, पार्वती नहर प्रणाली, परवन परियोजना, धौलपुर लिफ्ट सिंचाई योजना सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कन्वेंशन सेंटर बनेगा नए अजमेर की पहचान, 34 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

अजमेर, (निसं)। पृथ्वीराज नगर क्षेत्र में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर को नए अजमेर की पहचान के रूप में विकसित किया जाएगा। लगभग 34 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस सेंटर में बड़े और छोटे आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत समारोह तथा विभिन्न बैठकों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्किट हाउस में अजमेर विकास प्राधिकरण की बैठक लेकर परियोजना की समीक्षा की। बैठक में कन्वेंशन सेंटर, चौरसियावास तालाब और वरुण सागर विकास योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। देवनानी के निर्देशानुसार प्राधिकरण ने कन्वेंशन सेंटर के विस्तृत विकास की योजना तैयार की है। परियोजना पर कुल 34 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिसमें 28 करोड़ रुपए प्राधिकरण और 6 करोड़ रुपए अन्य योजना के तहत व्यय किए जाएंगे। करीब 3.2 हेक्टेयर क्षेत्र में बनने वाले इस सेंटर में एक हजार से अधिक क्षमता का सभागार, खुला मंच, कैफेटेरिया, छोटा सम्मेलन कक्ष, फव्वारा और सैकड़ों वाहनों की पार्किंग की सुविधा होगी। इसे इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि लोग परिवार के साथ यहां समय बिता सकें और पहाड़ियों के दृश्य का आनंद ले सकें। चौरसियावास तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, बोटिंग और सैर की सुविधा विकसित होगी

अतिक्रमण हटाने और जल निकासी व्यवस्था सुधारने के निर्देश: बैठक में चौरसियावास तालाब के सौंदर्यीकरण की योजना भी प्रस्तुत की गई। देवनानी ने निर्देश दिए कि तालाब को इस प्रकार विकसित किया जाए कि यह शहर और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने।

केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन

अजमेर, (निसं)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने शिरकत की।

■ उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने युवाओं को दिया सामाजिक परिवर्तन का संदेश, 'समाज रत्न पुरस्कार' की शुरुआत

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह जीवन में मूल्यों का संचार भी करे। उन्होंने असमानता और अज्ञानता को एक गंभीर समस्या बताते हुए युवाओं से आव्हान किया कि वे अंबेडकर के विचारों के अनुरूप समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आएं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के सपनों का सम्मान करें और उनकी तुलना दूसरों से करने के बजाय उनके संघर्ष में सहयोगी बनें। साथ ही शिक्षकों से भी विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक दिशा देने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आनंद भालेराव ने की, जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि मूल्यों और विचारों के निर्माण का सशक्त मंच होता है। उन्होंने अंबेडकर के जीवन को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से समाज की दिशा बदली जा सकती है।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

अजमेर, (निसं)। जिला कलेक्टर लोक बंधु की अध्यक्षता में गुरुवार 16 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (डीओआईटीसी) के वीडियो कॉन्फ्रेंस केंद्र में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था लागू की गई है, जिसके अंतर्गत नियमित रूप से जिला स्तर पर सुनवाई कर शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। अप्रैल माह के तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में जिले के सभी ब्लॉक एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहेंगे, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के परिवादियों की समस्याओं का भी प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जनसुनवाई में भाग लेने वाले परिवादी प्रातः 10 बजे से अपना पंजीकरण करवा सकेंगे।

आदिनाथ दिगम्बर मंदिर में नवीन वेदी भूमि शुद्धि

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। सिटी रोड स्थित निर्माणाधीन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 11 फीट पद्मासन भगवान आदिनाथ की प्रतिमा विराजमान करने के लिये नवीन वेदी भूमि शुद्धि कार्यक्रम श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। शुद्धिकरण विधिया पं रोहित शास्त्री के सान्निध्य में विधि-विधान से संपन्न हुई। आर क परिवार से शांता पाटनी व पंचायत अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया।

श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार करते हुए भगवान से वेदी शुद्धि की आज्ञा प्राप्त की। शांता पाटनी, प्रकाशचंद गंगवाल, प्राणेश बज, राजीव गंगवाल व निर्मल छाबड़ा ने जल एवं स्व-शुद्धि के उपरांत पांच रजतमयी कलशों से भूमि शुद्धि की पवित्र क्रिया संपन्न की।

कार्यालय नगरपालिका सावर, जिला-अजमेर (राज.)

E-mail : npsawar@gmail.com Tele- 01467-294025

क्रमांक / नपासा / जन स्वास्थ्य / 2026-27 / 42 दिनांक:- 10.04.2026

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (Construction & Demolition Waste) प्रबंधन नियम-2016 के नियम 4 (5) की पालना में निगम द्वारा मलबा संग्रहण एवं परिवहन हेतु निम्नानुसार शुल्क सभा निर्धारित किया गया है :-

For Bulk Waste Generators:
Segregated C&D Waste - Rs- 600/& per Ton
Non&Segregated C&D Waste- Rs- 1000/& per Ton

For Non&Bulk Waste Generators:
Tractor Trolley - Capacity: Up to 100 Cubic Ft & Rs- 1200/& per Trip
Mini Truck - Capacity: Up to 150 Cubic Ft& Rs- 2000/& per Trip
Dumper/Truck - Capacity: Up to 625 Cubic Ft & Rs- 5000/& per Trip

यदि उत्पन्नकर्ता (Non&Bulk Waste Generators & Bulk Waste Generators) द्वारा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (Construction & Demolition Waste) प्रबंधन नियम का उल्लंघन किया जाता है, तो निम्नानुसार शास्ति लगाई जाएगी।

For Non&Bulk Waste Generators: Rs- 2500/& per default
For Bulk Waste Generators:
First Default & Rs- 10000/- + additional charges for collection, transportation and processing
Second Default: Rs-25,000/- + additional charges for collection, transportation and processing
Third Default: Rs- 1,00,000/- +additional charges for collection,transportation and processing

अतः नगरपालिका सावर के समस्त नागरिकों, व्यवसायियों एवं संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि निर्माण एवं विध्वंस कचरे के संग्रहण एवं परिवहन हेतु वे निम्न दूरभाष नंबरों 8209526452 एवं 01489-230036 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा पालिका कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

राज.संवाद / सी / 26 / 890 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत देवपुरी पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक: ग्रा.प.दे/2026-27/07 ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27 दिनांक: 15.04.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवपुरी के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय विक्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	TENDER Id
1	देवपुरी	ZAJ2627A0066	ZAJ2627SLRC00066	2026_PRD_551974_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवपुरी,
पं.स.अरांई, जिला अजमेर

प्रशासक
ग्राम पंचायत देवपुरी
पं.स.अरांई, जिला अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत देवपुरी पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक: ग्रा.प.दे/2026-27/14 ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27 दिनांक: 15.04.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसबीएम/एफएफसी/एसएफसी योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत देवपुरी में कचरा संग्रहण केंद्र निर्माण कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय विक्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र.सं.	ग्राम पंचायत	NIB NO	UBN NO	TENDER Id
1	देवपुरी	ZAJ2627A0065	ZAJ2627WSRC00065	2026_PRD_551994_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवपुरी,
पं.स.अरांई, जिला अजमेर

प्रशासक
ग्राम पंचायत देवपुरी
पं.स.अरांई, जिला अजमेर

कार्यालय नगर पालिका आसीन्द जिला भीलवाडा राज.

Email:- npasind@gmail.com Ph.: 01480220123

क्रमांक : नपाआ / भू.शा. / 2025-26 / 182 दिनांक : 15.04.2026

उजरदारी सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका आसीन्द द्वारा फार्म हाउस भूखण्ड नीचे दर्शित भूखण्ड संख्या व साईज अनुसार लीज होल्ड आधार पर दिनांक 27.04.2026 से 09.05.2026 को प्रातः 11.30 बजे तक ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय किये जावेंगे। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित भागीदारी शुल्क एवं अमानत राशि (प्रति भूखण्ड) http://sso.rajasthan/gov.in/signin पर जाकर स्वयं की SSO ID से ऑनलाईन जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकते है। नकद राशि स्वीकार्य नहीं होगी।

क्र. सं.	योजना का नाम / स्थान	भूखण्ड संख्या	साईज पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	कुल क्षेत्रफल वर्गफिट (लम्बाईxचौडाई)	किस्म / प्रकार	नीलामी हेतू प्रारम्भिक बोली राशि	नीलामी के भाग लेने हेतू भूखण्ड के लिए जमा योग्य धरोहर राशि	प्रोसेसिंग व पंजीयन शुल्क प्रति भूखण्ड राशि
1	फार्म हाउस योजना	1					30767	फार्म हाउस	3609990	72200	1000
2	चैनपुरा रोड आसीन्द	2					29728	फार्म हाउस	3488085	69762	1000

क्र. स.		
	नीलमी भागीदारी शुल्क (प्रति भूखण्ड)	1000.00 नॉन रिफेण्डेबल
1	ऑनलाईन भागीदारी शुल्क एवं अमानत राशि जमा कराने की दिनांक	दिनांक 27.04.2026 को प्रातः 06.00 बजे से दिनांक 04.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक।
2	ई-नीलामी बोली प्रारम्भ करने की दिनांक एवं समय	दिनांक 27.04.2026 को प्रातः 06.00 बजे से
3	ई-नीलामी बोली समाप्ति की तिथि एवं समय	दिनांक 09.05.2026 को सायं 04.00 बजे तक

नीलामी शर्तें :-

1. भूखण्ड जहॉ है, जैसा है, के आधार पर नीलामी की जायेगी।
2. नगर पालिका की ई-नीलामी में भाग लेने हेतू बोलीदाता को पंजीकरण होना आवश्यक है।
3. इच्छुक बोलीदाता की अपनी स्वयं की एस0एस0ओ0 आई0डी0 होना अनिवार्य है। नीलामी बोलीदाता नीलामी भागीदारी शुल्क एवं अमानत राशि अपनी एस0एस0ओ0 आई0 डी0 से लॉगईन कर G2C App में LSG E-AUCTION लिंक पर अपनी प्रोफाईल बनाकर जमा करवाकर ही नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी से संबंधित समस्त विवरण वैबसाईट पर देखा जा सकता है।
4. भूखण्ड की ई-नीलामी में दो से अधिक प्रतिभागियों / बोलीदाताओ द्वारा नीलामी बोली में भाग लिये जाने पर ही नीलामी प्रारम्भ की जावेगी। प्रत्येक भूखण्ड की धरोहर राशि पृथक-पृथक जमा करानी होगी।
5. ई-ऑक्शन में अधिकतम दर ही स्वीकार की जावेगी। उपरोक्त वर्णित भूखण्डो की नीलामी बोली 10/- रू. प्रति वर्गफिट के गुणांक में बढाकर लगाये जाने पर ही स्वीकार होगी। उदाहरण (2000, 2010, 2020, 2030.....)
6. यह भूमि विक्रय राजस्थान नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम एवं संशोधित नियम 2019 व उसके जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही है। अन्य सभी राजकीय नियमो / आदेशो (समय-समय पर यथा संशोधित) की पालना केता को करना होगा तथा भविष्य में इस बाबत कोई नियम बनाये जायेगें तो वह उस भूखण्ड पर भी लागू होगें।
7. नीलामी की अन्तिम तिथि जिस व्यक्ति के नाम समाप्त होगी उसे स्वीकृति पत्र / मांग पत्र जारी होने की दिनांक से तीन दिवसों के भीतर अपनी बोली की 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त राशि जमा कराने में विफलता के कारण बोलीदाता द्वारा जमा करवायी गई अमानत राशि जब्त किया जावेगा और भूमि की नीलामी स्वचालित रूप से रद्द मानी जावेगी।
8. सफल बोलीदाता की जमा धरोहर राशि का समायोजन 15 प्रतिशत राशि जमा करवाते समय कर लिया जायेगा। सफल बोलीदाता को भूखण्ड की नीलामी राशि की शेष 35 प्रतिशत राशि नीलामी दिनांक से 120 दिनों के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होगा। 120 दिवस के पश्चात 15 प्रतिशत दर से ब्याज नीलामी स्वीकृत करने की दिनांक से 06 माह के अन्दर जमा कराना अनिवार्य होगें।
9. सफल बोलीदाता की को शेष 50 प्रतिशत राशि नीलामी दिनांक से 180 दिवस के भीतर जमा करवाया जाना होगा। भूखण्ड नीलामी की उक्त निर्धारित अवधि में 50 प्रतिशत राशि जमा नही करवाये जाने पर सफल बोलीदाता को अगले 90 दिवस के भीतर 15 प्रतिशत ब्याज सहित जमा कराया जाना अनिवार्य हेगा। यदि सफल बोलीदाता के द्वारा अवधि बढोतरी के भीतर भी ब्याज सहित राशि जमा नही करवायी जाती है, तो उसके द्वारा जमा 15 प्रतिशत राशि को जब्त कर लिया जावेगा। व भूखण्ड की नीलामी स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी।
10. यदि सफल बोलीदाता डिमाण्ड नोटिस की दिनांक से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करवाता है, तो 01 प्रतिशत की बोली राशि में छूट प्रदान की जावेगी।
11. बोलीदाता द्वारा अगर स्वयं पर पंजीकरण नहीं करवाया जाता है अथवा पंजीकरण करवाने के पश्चात धरोहर राशि जमा नहीं करवायी जाती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं बोलीदाता होगी।
12. लीज राशि 10 वर्ष की एक मुश्त आवासीय के लिए आरक्षित दर (नजुल दर) का 2.50 प्रतिशत एवं व्यवसायिक के लिये आरक्षित दर (नजुलदर) का 5 प्रतिशत के हिसाब से राजस्थान नगर पालिका नियमो के अन्तर्गत जमा करवाया जाना होगा। कॉर्नर भूखण्ड के लिए 10 प्रतिशत राशि नीलामी राशि के अतिरिक्त देय होगी।
13. नगर पालिका द्वारा भूखण्ड मौके पर जिस स्थिति में होगा उसी स्थिति में नीलामी किया जावेगा।
14. बोलीदाता ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व साईट विजिट कर सकते है।
15. ई-नीलामी हेतू किसी भी प्रकार की इन्टरनेट / सर्वर की समस्या अथवा आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रकार की गलत अथवा त्रुटिपूर्ण जानकारी इन्द्राज होने पर नगर पालिका आसीन्द जिम्मेदारी नही होगा।

राज.संवाद / सी / 26 / 900 अधिशाषी अधिकारी

अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति पूजा देराश्री पत्नि श्री आनन्द उपाध्याय द्वारा राजस्व ग्राम नौसर, अजमेर के खसरा सं. पुराना 854 नया 786 में स्थित भूखण्ड सं. 35 ए+35बी, कुल क्षेत्रफल 248.43 वर्ग मीटर के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञाप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन से सम्बंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

-उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

भारतीय खेल प्राधिकरण

SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
Room No. 210, SAI-Head Office Building,
SAI-Headquarter, Jawaharlal Nehru Stadium Complex
(East Gate-No. 10) Lodhi Road, New Delhi-110003

फाइल क्रमांकः 01-04001(01)/1/2026-66/150 दिनांकः 30.01.2026

अधिसूचना

भारतीय खेल प्राधिकरण नियमित आधार पर प्रदर्शन विश्लेषक के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) 7वें सीपीसी के वेतनमान-6 (रू.35400-रू.112400/-) में 7 खेल विज्ञान विषयों में प्रदर्शन विश्लेषक के 48 पदों (सीधी भर्ती) के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उक्त पद का विवरण और अन्य प्रासंगिक जानकारी एसएआई की वेबसाइट https://sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है।

उपनिर्देशक (DEPUTY DIRECTOR)
मानव संसाधन प्रभाग II (HUMAN RESOURCES DIVISION -II)
भाखेप्रा मुख्य कार्यालय (SAI HEAD OFFICE)
CBC 47103/12/0002/2627